संख्या-6/2016/317/एक-4-2016-111 बी-4/2012

प्रेषक,

सुरेश चन्द्रा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजस्व अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक 04 मार्च, 2016

विषय:-दिनांक 15 मार्च, 2016 (मंगलवार) को समाजवादी विकास दिवस आयोजित किये जाने के कारण तहसील दिवस दिनांक 14 मार्च, 2016 (सोमवार) को आयेाजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश सरकार का सन्तुलित विकास और जन-कल्याण सम्बन्धी पहल तथा उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में समाजवादी विकास दिवस आयोजित किया जायेगा। यह दो दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 15-16 मार्च, 2016 को सम्पन्न किया जाना है। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के अतिरिक्त समाजवादी विकास दिवस के तहत दिनांक 15 मार्च, 2016 को जिला मुख्यालय स्तर पर भी एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

2- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 15 मार्च, 2016 (मंगलवार) को समाजवादी विकास दिवस आयोजित किये जाने के कारण माह मार्च, 2016 के तृतीय मंगलवार का तहसील दिवस का आयोजन दिनांक 14 मार्च, 2016 (सोमवार) को सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

3- तहसील दिवस के आयोजन के संबंध में पूर्व में निर्गत शासनादेशों के प्राविधानानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

भवदीय,

(सुरेश चन्द्रा)
प्रमुख सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-6 / 2016 / 317 / (1)एक-4-16-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

2- प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

4- आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार राय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।